भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 142
(जिसका उत्तर सोमवार, 18 नवम्बर, 2019/27 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाना है।)

वित्तीय घाटा लक्ष्य

142. श्री थोमस चाज़िकाडनः
क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार की 3.3 प्रतिशत वित्तीय घाटे के लक्ष्य को प्राप्त करने की योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस राजस्व स्रोत का ब्यौरा क्या है जिसके माध्यम से सरकार इस गिरावट की क्षतिपूर्ति करने की योजना बना रही है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके परिणामस्वरूप होने वाला संभावित अंतर कितना है; और
(घ) उक्त संभावित अंतर को सरकार किस प्रकार पूरा करने की योजना बना रही है?

वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) : जी हां।

(ख), (ग) और (घ): 2019-20 के अंत में राजकोषीय घाटा 7,03,760 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जो जीडीपी का 3.3 प्रतिशत बैठता है। एफआरबीएम अधिनियम, 2003 के खंड 7(1) के अनुसार, बजट से संबंधित प्राप्तियों और व्यय में रूझान की अर्धवार्षिक समीक्षा की गई है और परिणाम को संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

*****